प्रभु राम की धुन में मस्त दीवाना

प्रभु राम की धुन में मस्त दीवाना नाचे हनुमाना,
नाचे हनुमाना होके दीवाना,
प्रभु राम की धुन में मस्त दीवाना नाचे हनुमाना,

बाँध कर पाँव में घुंगरू छम छम नाचते,
मस्त मग्न हो कर गुण गाते प्रभु श्री राम के,
श्री राम का बन मस्ताना दीवाना नाचे हनुमाना,
प्रभु राम की धुन में मस्त दीवाना नाचे हनुमाना,

राम नाम की धुन में हुआ ये एसा मतवाला,
भूल के सब जग जपता है प्रभु नाम की माला,
सारी दुनिया से हो कर आज दीवाना नाचे दीवाना,
प्रभु राम की धुन में मस्त दीवाना नाचे हनुमाना,

एसा अद्भुत सेवक राम का देखा नही दूजा,
राम की भगती में शर्मा ये सब कुछ भुला ,
गाये राम का बस ये गाना दीवाना नाचे हनुमाना,
प्रभु राम की धुन में मस्त दीवाना नाचे हनुमाना,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/12101/title/prabhu-ram-ki-dhun-me-mast-diwana-naache-hanumaana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |